2021

HINDI — HONOURS

Fifth Paper

(Sahitya Siddhant)

Full Marks : 100

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

प्रथम खण्ड–साहित्य सिद्धांत

1. काव्य लक्षण से क्या तात्पर्य है? काव्य लक्षण से संबंधित भारतीय आचार्यों के मतों की समीक्षा कीजिए। 16

अथवा,

अलंकार सिद्धांत का परिचय देते हुए प्रमुख अलंकारवादी आचार्यों की अवधारणाओं की समीक्षा कीजिए।

2. अरस्तू के अनुकरण सिद्धांत की समीक्षा कीजिए। 16

अथवा,

आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा प्रतिपादित प्रमुख आलोचनात्मक मतों की समीक्षा कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 6×3

(क) लक्षणा पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) काव्य प्रयोजन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) रस की अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

(घ) कलावाद पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ङ) मिथक के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(च) रूप और अंतर्वस्तु का संबंध।

द्वितीय खण्ड–भारतीय साहित्य

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की व्याख्या कीजिए: 8×3

(क) दिले नादां, तुझे हुआ क्या है,
आखिर इस दर्द की दवा क्या है।
हम हैं मुश्ताक और वह बेजार
या इलाही, यह माजरा क्या है?
मैं भी मुँह में जबान रखता हूँ,
काश पूछो कि मुद्दआ क्या है।

(ख) देखो यह जनतंत्र, एक सा न्याय सभी को यहाँ मिला है
जन शासक है, पनप न सकती दासवृत्ति, उद्घोष हुआ है
गिरा हुआ कलिकाल, गिरी दीवार यहाँ ज्यों ठोकर खाकर
खड़ा हो रहा कृतयुग देखो उसकी टूटी काया पर।

(ग) ''कोई लड़की हिन्दू हो या मुसलमान, जो भी लड़की लौटकर अपने ठिकाने पहुँचती है, समझो उसी के साथ मेरी आत्मा भी ठिकाने पहुँच गई ....''

(घ) यह सुनकर नीति के अंदर जो असल नीति थी जल कर राख हो गई। ... औने-पौने दामों तांगा-घोड़ा बेचा और सीधी अब्बू के कब्र पर गई। क्षण भर खामोश खड़ी रही। उसकी आँख बिल्कुल खुश्क थी, जैसे बारिश के बाद चिलचिलाती धूप ने जमीन की सारी नमी चूस ली हो।''

(ङ) 'अगर, मैं छावनी में
तुम्हें नहीं मिला
तो, बेशक समझ लेना –
अस्तबल से सात घोड़े उड़ गए होंगे
शान घर में
सात तलवारें कम हुई होंगी
बेशक समझ लेना।'

(च) 'लेकिन फिर भी / जाती हैं, जाती ही हैं
विद्रोही आत्माएँ / चैतन्य रथ से
प्रकाश वेग से / जाती हैं टालकर
वर्तमान काल की / अटल दस्तूरी
और स्वीकारती है / 'होगा' का आनंद
'है' के पहले ही।'

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर दीजिए: 14×1

(क) रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कविताओं में व्यक्त मानवीय संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'पिंजर' उपन्यास में किन समस्याओं को उभारा गया है? — समीक्षा कीजिए।

(ग) 'शाम सवेरे की माँ' कहानी की समीक्षा कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 6×2

(क) मिर्जा गालिब का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ख) अभागी का स्वर्ग — कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) सुब्रह्मण्यम भारती का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(घ) पूरो का चरित्र-चित्रण कीजिए।